कार्यक्रम • ग्रामीणों ने सीधे अधिकारियों से संवाद करने के बाद अपनी समस्याएं रखीं, सहूलियत हुई

मुखियापट्टी में सहयोग शिविर आयोजित, 42 आवेदन पहुंचे, 9 का ऑन-द-स्पॉट समाधान

भास्कर न्यूज़ | मधवापुर

प्रशासन की पहल पर स्थानीय स्तर पर समस्याओं के त्वरित निपटारे को लेकर मंगलवार को प्रखंड के मुखियापट्टी पंचायत भवन परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। जहां पंचायत के विभिन्न वार्डों से पहुंचे ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी दिखाई और अपनी समस्याओं से जुड़े कुल 42 आवेदन अधिकारियों को सौंपे। इनमें से 9 मामलों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का दायरा काफी व्यापक रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व व अंचल संबंधी विवाद, कृषि योजनाओं, राशन कार्ड में सुधार, नल-जल योजना की गड़बड़ियां, सड़क एवं नाली निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गमन, पारिवारिक लाभ योजना समेत कई स्थानीय मुद्दे प्रमुख रूप से सामने आए। ग्रामीणों ने सीधे अधिकारियों से संवाद कर अपनी समस्याएं रखीं, जिससे समाधान की उम्मीद और भरोसा दोनों मजबूत हुआ। बीडीओ मनोज कुमार मुर्मू ने बताया कि शिविर का उद्देश्य आम लोगों को त्वरित राहत देना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शेष सभी आवेदनों का निष्पादन एक माह के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशासनिक टीम द्वारा प्रत्येक मामले की गंभीरता से समीक्षा कर जल्द समाधान की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। शिविर में सीओ सुनील कुमार, राजस्व अधिकारी पंकज कुमार, बिजली विभाग के जेईई सुनील कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राम प्रसाद साह, पंचायत समिति सदस्य शिव कुमार ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुखियापट्टी में आयोजित शिविर में समस्याएं सुनते अधिकारी।

रैयाम पश्चिम पंचायत में सहयोग शिविर का किया गया आयोजन

झंझारपुर | झंझारपुर प्रखंड के रैयाम पश्चिम पंचायत में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों ग्रामीणों ने आवास, परिमार्जन, शौचालय सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 23 आवेदन दिए. शिविर का आयोजन पंचायत के काली स्थान परिसर में किया गया था। अधिकारियों ने मौके पर ही कई आवेदनों का निष्पादन किया और शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजने का आश्वासन दिया। शिविर में पहुंची एसडीएम टोनी कुमारी ने लोगों से कहा कि अपनी शिकायत मौखिक न करके लिखित रूप में दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि लिखित शिकायत पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने लोगों से अपील कि वे अपनी समस्याओं को पोर्टल के माध्यम से भी दर्ज करा सकते हैं। पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निवारण निर्धारित समय-सीमा में किया जाएगा। शिविर में पंचायत के प्रेमचंद्र झा और विजेंद्र झा ने सहयोग शिविर के प्रचार-प्रसार समुचित नहीं होने की शिकायत की। उन्होंने अपनी समस्याएं भी अधिकारियों के समक्ष रखी। ग्रामीणों ने आवास योजना में नाम नहीं जुड़ने, परिमार्जन में त्रुटि और शौचालय निर्माण में आ रही दिक्कतों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। शिविर में बीडीओ पंकज कुमार दीक्षित, बीईओ सह बीपीआरओ प्रवीण प्रभाकर, आरओ श्वेता मिश्रा, सीडीपीओ सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

61 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

बेनीपट्टी | अरेर पुलिस ने थाना क्षेत्र के जमुआरी गांव में 61 बोतल नेपाल निर्मित अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। वहीं, पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक शराब तस्कर मौके पर से फरार हो गया। अंग्रेजी शराब के साथ पुलिस के द्वारा पकड़े गए दोनों कारोबारी की पहचान जमुआरी गांव के ही उमेश कामत एवं फेकन चौधरी के रूप में हुई है। अरेर के थानाध्यक्ष आनंद शंकर गौरव ने बताया कि एसआई अमित कुमार के बयान पर 3 शराब कारोबारियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

आरडी सुपर मार्ट में समर विशेष ऑफर की शुरुआत

मधुबनी | आर डी सुपरमार्ट में इन दिनों समर विशेष ऑफर दिया जा रहा है। लैपटॉप के साथ एक स्पीकर, प्रेशटीज के सभी प्रोडक्ट पर 20 प्रतिशत, ब्राउसिल डिनर सेट पर 25 प्रतिशत और गैस चूल्हे की खरीदारी पर सुनिश्चित उपहार दिया जा रहा है। किराना समान में 999 की खरीदारी पर 9 वार्ड का बल्ब, 1999 की खरीदारी पर ब्राउसिल बॉउल, 3999 के खरीदारी पर 680 रुपये का 10 पीस वाला ब्राउसिल सेट दिया जा रहा है।

सदस्यता तिथि बढ़ाने और फसल सुरक्षा की उठी मांग

सदस्यता लेने की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ाने का आग्रह

कार्यक्रम में मौजूद लोग।

भास्कर न्यूज़ | अंधराठाढ़ी

प्रखंड के विश्वान सभागार में प्रस्तावित सकरी प्राथमिक चीनी मिल सहकारी समिति के गठन को लेकर बिहार सरकार के सचिव सह निबंधक, सहकारिता विभाग प्रत्यय अमृत के नेतृत्व में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड के सभी पैक्स अध्यक्षों ने भाग लिया और समिति गठन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान मैलाम पंचायत के मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष एवं रहिका कॉपरेटिव बैंक, मधुबनी के अध्यक्ष रमण कुमार सिंह ने किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गन्ना सहित अन्य फसलों को जंगली जानवरों, विशेषकर सुअर और नीलगाय से सुरक्षा दिलाने की मांग की। साथ ही चीनी मिल की सदस्यता लेने की अंतिम तिथि 30 जुलाई तक बढ़ाने का भी आग्रह किया। वीसी में उपस्थित पैक्स अध्यक्षों ने चीनी मिल के गठन को किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए सरकार से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। बैठक में पैक्स अध्यक्ष रमण कुमार यादव, सुरेश मिश्र, शिवशंकर यादव, हरिमोहन चौधरी, मनोज कुमार यादव, निखिल मिश्र, रामाशीष मंडल, संजेश्वर महतो, दिगम्बर यादव, ओमप्रकाश यादव आदि रहे।

बैरा पंचायत सहित शहर के दो वार्डों में सहयोग शिविर का किया आयोजन

सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याण योजना के बारे में जानकारी दी

भास्कर न्यूज़ | जयनगर

सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को बैरा पंचायत में सहयोग शिविर' का आयोजन किया गया। सहयोग शिविर को लेकर आज अहले सुबह से ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया गया था। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं को सीधे जनता तक पहुंचाने की इस अनूठी पहल से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा गया। शिविर में राशन कार्ड, वृद्धावस्था व सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व व भूमि सुधार दाखिल-खारिज, एलपीसी, जॉब कार्ड, कृषि इनपुट सब्सिडी और जन-शिकायतों का मौके पर पंजीकरण के साथ कई समस्याओं का निष्पादन किया गया। वहीं अधिकारियों की टीम शिविर का लगातार मॉनिटरिंग करती दिखी। विभिन्न विभाग के पदाधिकारी के द्वारा सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजना की जानकारी दी गई। सहयोग शिविर को पूरी तरह पारदर्शी, सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर के सभी वरीय पदाधिकारी खुद कमान संभाले हुए थे। इस मौके पर एसडीओ दीपक कुमार, बीडीओ राजीव रंजन, श्रम परिवर्तन पदाधिकारी अश्विन राज, एमओ बिपीन आंसू, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अनिल राज, कृषि पदाधिकारी नागेंद्र पूर्वे, सरपंच, मुखिया सहित कई अधिकारी उपस्थित थें। वहीं शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 एवं 4 सहयोग शिविर का आयोजन किया गया था।

सहयोग शिविर को संबोधित करते एसडीओ।

शिविर में अधिकारियों ने सुनी लोगों की समस्याएं

हरलाखी | प्रखंड अंतर्गत सोठगांव पंचायत में एक सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 15 आवेदनों का निष्पादन किया गया। शिविर में बाल विकास परियोजना की डीपीओ डॉ. ललिता कुमारी, बीडीओ रविशंकर पटेल, सीडीपीओ पल्लवी कुमारी, बीसीओ रवि वर्मा, राजस्व अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार और बिजली जेई सपन कुमार सहित अन्य अधिकारी व आमजन मौजूद थे। अधिकांश लोग पेंशन संबंधी समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे थे। अधिकारियों ने इन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पहल की। बाल विकास परियोजना विभाग की ओर से गंभीर मरीजों को फूड बास्केट पोषण योजना के तहत पोषण किट प्रदान किए गए। उन्हें समय पर दवा लेने की भी सलाह दी गई।

नरपतिनगर पंचायत में सहयोग शिविर आयोजित कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया

बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, काफी सहूलियत हुई

भास्कर न्यूज़ | पंडौल

पंडौल प्रखंड की नरपतिनगर पंचायत स्थित पंचायत भवन में मंगलवार को जिला प्रशासन की ओर से सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, पारिवारिक लाभ योजना, शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। अधिकारियों ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सदर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन झा एवं सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार के संयुक्त नेतृत्व में कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान संभव था, उनका निस्तारण शिविर में ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के लिए भेजा गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी चंदन झा ने बताया कि सहयोग शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय मंगलवार को अलग-अलग पंचायतों में किया जाता है। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को प्रखंड या जिला मुख्यालय का चक्कर लगाए बिना स्थानीय स्तर पर ही सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराना, शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन करना तथा शासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत बनाना है। सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने कहा कि प्रशासन आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत को लेकर सीधे सहयोग शिविर में आएं और सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में अंचलाधिकारी प्रीति कुमारी मिश्रा, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजू कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी केशव कुमार, नरपतिनगर पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र पासवान, पंचायत के जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

सहयोग शिविर में उपस्थित अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

धरोहरनाथ स्थान एवं कल्याणेश्वर स्थान शिव सर्किट में शामिल हो : डॉ. सुनील

मधुबनी | बिहार अभियंत्रण सेवा संघ के पूर्व महासचिव, इण्डियन इंजीनियर्स फेडरेशन (पूर्व) के उपाध्यक्ष खिरहर ग्राम निवासी डॉ. सुनील कुमार चौधरी ने शिव सर्किट विकसित करने के सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए इसे राज्य के धार्मिक स्थलों के विकास की दिशा में स्वागत योग्य क्रांतिकारी कदम बताया है। साथ ही हरलाखी विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आनेवाले धरोहरनाथ महादेव स्थान एवं कल्याणेश्वर महादेव स्थान को सरकार द्वारा घोषित शिव सर्किट में शामिल करने की जोरदार वकालत की है। ज्ञातव्य हो बिहार सरकार राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक शिव सर्किट विकसित कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य भर के प्रमुख और पौराणिक शिव मंदिरों को आपस में जोड़ना और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सड़कें और विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करना है। इन दोनों महादेव स्थान को शिव सर्किट मे शामिल करने से ये दोनों स्थान रामायण सर्किट के फुलहर के साथ मिलकर एक त्रिभुजाकार पर्यटन स्थल का निर्माण करेंगे जो पर्यटकों को पौराणिक कथा का भौतिक दर्शन करायेगा। फलस्वरूप अधिकाधिक संख्या मे पर्यटक आकर्षित होंगे। इस क्षेत्र में पर्यटन उद्योग को बढावा मिलेगा, लोगों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बेरोजगारी दर घटेगी एवं हरलाखी विधान सभा का राज्य, देश एवं पडोसी देशो से बेहतर सम्पर्क स्थापित हो सकेगा।

पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक करें

सहयोग शिविर में हाथोंहाथ सुनी गईं ग्रामीणों की समस्याएं

भास्कर न्यूज़ | बाबूबरही

सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं को आम लोगों तक सहज रूप से पहुंचाने की पहल के तहत मंगलवार को प्रखंड की मुरहदी पंचायत के मिनाडीह स्थित सरकार भवन में एक दिवसीय सहयोग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। जिन मामलों का तत्काल निस्तारण संभव नहीं था, उनके लिए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई का भरोसा दिया गया। शिविर में डीसीएलआर उपेंद्र ठाकुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार दास समेत राजस्व, आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, आवास और अन्य विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन की गंभीरता से जांच करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को लोगों के घर के नजदीक उपलब्ध कराना तथा अनावश्यक कार्यालयी चक्कर से मुक्ति दिलाना है। शिविर में पहुंचे ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव में ही अधिकारियों के पहुंचने से समय और खर्च दोनों की बचत हुई है तथा प्रशासन के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

कारमेघ मध्य पंचायत में लगा सहयोग शिविर

भास्कर न्यूज़ | अंधराठाढ़ी

बिहार सरकार के निर्देशानुसार सरकार आपके द्वारकार्यक्रम के तहत खुटौना प्रखंड की कारमेघ मध्य पंचायत के सामुदायिक भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया कपिलेश्वर यादव ने की। शिविर में डीआरडीए के निदेशक राघवेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रौशन कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विजय मोहन केशरी, बीपीएम संजय झा, बिजली विभाग के जावेद अशरफ, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुराग सौरव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए।

गोनौली में सहयोग शिविर आयोजित, 45 आवेदन प्राप्त; 25 मामलों का निपटारा

विभागों ने स्टॉल लगा कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवेदन प्राप्त किए

भास्कर न्यूज़ | अंधराठाढ़ी

प्रखंड के पंचायत सरकार भवन गोनौली परिसर में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला योजना पदाधिकारी शक्ति रंजन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश रौशन की उपस्थिति में विभिन्न सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवेदन प्राप्त किए। शिविर में राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, जीविका, मनरेगा, बाल विकास, आपूर्ति, ऊर्जा, लघु सिंचाई, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, सहकारिता, श्रम प्रवर्तन एवं नल-जल (पीएचईडी) सहित कई विभागों के स्टॉल लगाए गए। संबंधित विभागों के कर्मियों ने लोगों से आवेदन लेकर उनका पंजीकरण किया। अधिकारियों ने बताया कि सभी लंबित आवेदनों का 30 दिनों के भीतर निस्तारण किया जाएगा। शिविर में सबसे अधिक शिकायतें पीएचईडी विभाग की नल-जल योजना को लेकर सामने आईं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पाइपलाइन की खराबी, जलमीनार से कनेक्शन की समस्या तथा विभागीय लापरवाही के कारण अधिकांश जगहों पर नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। धान की रोपनी के मौसम के कारण किसानों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम रही। इसके चलते अधिकांश विभागीय स्टॉलों पर कर्मी मौजूद रहे।

शिविर में मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

निर्देश • प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों की समीक्षा की

धान की अधिप्राप्ति में लापरवाही पर एसडीओ सख्त 30 जुलाई तक आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए

भास्कर न्यूज़ | जयनगर

धान अधिप्राप्ति की प्रगति की समीक्षा को पैक्स अध्यक्ष की बैठक एसडीओ दीपक कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी के निर्देशों के आलोक में लंबित धान अधिप्राप्ति कार्यों को शीघ्र पूरा करने और मिलरों को समय पर धान उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। 30 जुलाई तक लंबित धान की आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारी के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए। बैठक में चेतावनी दी गई कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर धान की आपूर्ति नहीं हुई तो संबंधित बीसीओ और पैक्स अध्यक्षों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पैक्स अध्यक्ष धान किसानों से ही खरीदें और उसका भुगतान भी किसानों को समय सीमा अवधि तक निश्चित तौर पर करवा दें। पैक्स दुकान के काउन्टर पर कौन कौन लोग आपके सहकर्मी के रूप में मौजूद रहेंगे। उसकी सूची कार्यालय को उपलब्ध आवश्यक करायें। ताकि जांच के दौरान कोई बिचौलिया केन्द्रों पर मौजूद नही रहे। पंजी का संधारण सुनिश्चित करें। प्रत्येक दिन कितने किसानों से धान की खरीदारी हुयी है इसकी रिपोर्ट दें। धान अधिप्राप्ति के नियमों का हर वक्त पालन करें। किसी पैक्स अध्यक्षों का पिछला भुगतान नही हुआ है, तो इसकी लिखित जानकारी दें, ताकि उस पैक्स का भुगतान हो सके। बैठक में धान अधिप्राप्ति की प्रखंडवार प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए।

बैठक को संबोधित करते एसडीओ अध्यक्ष।

बैंक ऑफ़ इंडिया
Bank of India BOI
आंचलिक कार्यालय: यमुना कॉम्प्लेक्स, मिठनपुरा चौक, मुजफ्फरपुर

अचल संपत्तियों का बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तिय अस्तियों को पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए प्रवर्तन अधिनियम (इंफोर्समेंट) अधिनियम 2002 के साथ पठित धारा 8 (6) के अनुसार ई-निलामी बिक्री सूचना ।

जनता का आमतौर पर और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल/**चल** संपत्ति के सुरक्षित ऋणदाता को बंधक/चार्ज किया गया, **जिसका रचनात्मक/प्रतिकात्मक कब्जा बैंक ऑफ इंडिया** (सुरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है नीचे उल्लिखित तिथि पर **''जैसा है जहाँ है '' जैसा है जो है आधार पर '' और ''जो कुछ भी है''** पर बेचा जाएगा, यहाँ उल्लिखित बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं एवे जमानतदरों से **बैंक ऑफ इंडिया** को स्वीकृत किया गया है। आरक्षित मूल्यएवं अग्रधन राशि भी यहाँ उल्लेख किया गया है।

कर्जदार एवं जमानतदार का नाम

01. शाखा : बासुकी बिहारी शाखा, कर्जदार एवं जमानतदार का नाम : श्री राजेश कुमार साह पिता श्री शिवजी साह ग्राम+पो.-मधवापुर, जिला- मधुबनी
बकाया राशि : 11.56 लाख +ब्याज, लागत एवं खर्च, मांग सूचना तिथि 13(2): 28.12.2025, कब्जा की तिथि 13(4): 21.05.2026
सम्पत्ति का विवरण : संपत्ति श्री राजेश कुमार साह पिता स्व. शिवजी साह के नामित। स्थित मौजा- बासुकी बिहारी, थाना-मधवापुर, थाना नंबर-61,खाता नंबर 935, प्लॉट नं.- 1844(पुराना) 6587 एवं 6588(नया), अचंल-मधवापुर, जिला- मधुबनी, डीड नं. 863 दिनांक 12.02.2014,रकवा-50.903 डेसिमल, चौहद्दी- उत्तर-पीसीसी रोड एवं श्री राम किशुन साह, दक्षिण-श्री राम किशुन साह, पूरब-श्री राम चंद्र साह, पश्चिम-श्री राम किशुन साह और श्री किशोरी मुखिया
आरक्षित मूल्य : 38.94 लाख, जमा करने के लिए अग्रध्न राशि : 3.90 लाख

ई-निलामी की शर्ते :
1. ई-निलामी की तिथि तथा समय : 25.08.2026 को 11.00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक। उस के बाद की अवधि 10 मिनटों की अंतराल में होगी।
2. ईएमडी एवं दस्तावेजों को जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय : 24.08.2026 को 5.00 बजे तक
3. संपत्ति के निरीक्षण की तिथि तथा समय : 24.08.2026 को 5.00 बजे तक
4. अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- आंचलिक कार्यालय, मुजफ्फरपुर, मो.-7980162782
5. उधारकर्त्ताओं/जमानतदारों को 30 दिनों को बिक्री सूचना उनके अन्तिम पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से भेजी जायेगी/जा चुकी है। यदि सूचना नहीं प्राप्त करते है, तब इस ई-निलामी बिक्री सूचना को भी उपयुक्त सूचना मानी जायेगी।

विक्रय का निबंधन और शर्तो के ब्यौरा के लिए कृपया दिए गए बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात https://baanknet.com

स्थान : मुजफ्फरपुर
दिनांक : 21.07.2026
नोट: विवाद की स्थिति में अँग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ इंडिया